कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना/स्थाना./2019 दिनांक 29.09.2019 द्वारा श्री सम्पतराम शर्मा, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपराऊ, नदबई जिला भरतपुर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलोटिया (SALOTIYA), सुनेल जिला झालावाड़ किया गया था जिसके विरूद्ध श्री सम्पतराम शर्मा द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में एस.बी.सिविल याचिका संख्या 20873/2019 सम्पतराम शर्मा बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 20873/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 10.12.2019 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन याचिकार्थी श्री सम्पतराम शर्मा के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय के उक्त अन्तरिम आदेश की अनुपालना में विभागीय आक्षेपित स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 को याचिकार्थी श्री सम्पतराम शर्मा के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप श्री सम्पतराम शर्मा **माननीय न्यायालय के याचिका में पारित आगामी/अन्तिम निर्णय के अधीन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपराऊ, नदबई जिला भरतपुर में प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापित रहेंगे।**

16/01

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/एसबीसिया/सम्पतराम/20873/2019 दिनांकः 16.01.2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, भरतपुर/कोटा संभाग, भरतपुर/कोटा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, भरतपुर/झालावाड़।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, भरतपुर/झालावाड़।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. सम्बन्धित प्रधानाचार्य को आदेश की पालनार्थ।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)

Scanned by CamScanner